**नगर निगम, शाहजहाँपुर।**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक 19.08.2020**

## "यू0पी0 भी सम्मानित होगा,शाहजहाँपुर शुरूआत करेगा।"

**मा0 वित्त, संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री एवं पूर्व नगर विकास मंत्री**
**माननीय श्री सुरेश कुमार खन्ना जी का दिया गया उक्त नारा आज हुआ साकार**
**सम्पूर्ण देश में हुये स्वच्छ सर्वेक्षण–2020 में नगर निगम,शाहजहाँपुर को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार**
**मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा दिनांक 20.8.2020 को प्रातः 11 बजे दिया जायेगा पुरस्कार**
**दूरदर्शन सहित सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण होगा**

नगर निगम–शाहजहाँपुर अपनी जनसंख्या का 86 प्रतिशत से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करते हुये स्वच्छ सर्वेक्षण–2020 में सिटीजन फीड बैक श्रेणी में पूरे भारत वर्ष में प्रथम स्थान पर रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण–2020 की प्रतियोगिता 28 दिन चली जिसमें 1 करोड़ 87 लाख नागरिको ने भाग लिया। इसमें 4242 नगरीय निकाय ,62 कैन्टोमेन्ट बोर्ड तथा 92 गंगा टाउन के मध्य प्रतियोगिता हुई। माननीय मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से स्वच्छ सर्वेक्षण–2020 में उ0प्र0 सर्वाधिक पुरस्कार जीतने वाला प्रदेश बना। नगर निगम की इस कामयाबी का श्रेय नगर निगम के कर्मचारियो एवं अधिकारियो के साथ–साथ शाहजहाँपुर के नगर नागरिको तथा स्थानीय विधायक एवं प्रदेश वित्त संसदीय कार्य एवं चिकित्सा /शिक्षा मंत्री मा0 श्री सुरेश कुमार खन्ना जी को जाता है। तत्कालीन नगर विकास मंत्री रहते हुये मा0 श्री सुरेश कुमार खन्ना जी के नेतृत्व में जनपद शाहजहाँपुर में स्वच्छता के विभिन्न आयोजन हुये जिसमें स्वच्छता अभियान के प्रति लोगो को जागरूक किया गया। मा0 मंत्री जी की प्रेरणा से वार्ड स्तर से जनपद की स्वच्छ वातारण प्रोत्साहन समितियॉ सुचारू रूप से कियाशील रही तथा जनजागरूकता का कार्य व्यापक स्तर पर हो सका। नगर निगम,शाहजहाँपुर द्वारा मा0 मंत्री जी के निर्देशन एवं प्रेरणा से नागरिको को जागरूक करने के लिये स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता एवं भव्य रैलियो का आयोजन भी कराया गया।

- प्रदेश स्तर पर स्वच्छ वार्ड प्रोत्साहन समितियो का वार्डवार गठन कराया गया। जिनके द्वारा जनमानस में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। नगर निगम,शाहजहाँपुर के अन्तर्गत मा0 मंत्री जी के निर्देशानुसार स्वच्छ वार्ड प्रोत्साहन समितियो का प्रभारी श्रीमती अल्पना श्रीवास्तव जी को बनाते हुये समितियो को कियाशील किया गया। इसके अतिरिक्त श्री अग्निशेखर शुक्ला जी जो कि स्वंय शाहजहाँपुर के निवासी है तथा स्टेट कोआर्डिनेटर के रूप में कार्य कर रहे है, द्वारा सकिय भूमिका निभायी। नगर निगम,शाहजहाँपुर के परिपेक्ष्य में मो0 मंत्री जी द्वारा स्वंय स्वच्छ वार्ड प्रोत्साहन समितियो की बैठको में प्रतिभाग कर समितियो का मनोबल बढ़ाया तथा उत्कृष्ट कार्य हेतु उन्हे समय–समय पर सम्मानित भी किया गया।
- नगर विकास मंत्री रहते हुये मा0 श्री सुरेश कुमार खन्ना जी द्वारा प्रदेश स्तर पर स्वच्छ वार्ड प्रतिस्पर्धा का आयोजन कराया गया नगर निगम शाहजहाँपुर के कार्यक्रमो में मा0 मंत्री जी द्वारा उपस्थित रहकर उत्साहबर्धन किया गया। मा0 मंत्री जी के मार्गदर्शन में नगर निगम,शाहजहाँपुर को अभिनव प्रयास के लिये मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। नगर निगम,शाहजहाँपुर द्वारा लोगों को स्वच्छता सम्राट,कूड़ा प्रेमी तथा सरहाना पत्र देकर स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने का कार्य किया गया है। इस अभिनव पहल के लिये दिनांक 25.12.2018 को मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा जिलाधिकारी महोदय एवं नगर आयुक्त महोदय को सम्मानित किया गया।
- स्वचछता की इस प्रगति को निरतंर बनाये रखने हेतु मा0 मंत्री जी द्वारा नगर निगम,शाहजहाँपुर के लिये विशेष प्रयास किये गये दिनांक 04.11.2018 को स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारी हेतु आयोजित बैठक जिसमें लखनऊ तथा बरेली मण्डल शामिल थे, मा0 मंत्री जी ने स्वंय प्रतिभाग कर स्वच्छ सर्वेक्षण हेतु निकायो का मनोबल बढ़ाया। मा0 मंत्री जी नेतृत्व में दिनांक 11.11.2018 को नगर निगम द्वारा एक मेगा रैली का आयोजन किया गया।

कमश.................(2)

Generated by CamScanner

नगर निगम क्षेत्र में डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन हेतु दिनांक 04.01.2019 को मा0 मंत्री जी की उपस्थिति में ई–रिक्शो का वितरण कराया गया तथा सफाई कर्मियो के प्रोत्साहन हेतु कर्मचारियों के ट्रेनिंग प्रोग्राम में दिनांक 22.12.2019 को पहुँच कर स्वंय ट्रेनिंग किट का वितरण किया गया। दिनांक 23.12.2019 को नगर निगम द्वारा आयोजित विशाल मेगा रैली को स्वंय मा0 मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना जी द्वारा लीड कर नगर वासियो का स्वच्छ सर्वेक्षण–2020 के प्रति जागरूकता एवं उत्साहबर्धन का कार्य किया।

- मा0 मंत्री जी के मार्ग दर्शन में नगर निगम,शाहजहाँपुर द्वारा ''जिम्मेदार नागरिक जागरूक नगर'' अभियान चलाया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के विभिन्न संगठनो के साथ नगर आयुक्त महोदय द्वारा बैठको का आयोजन कर स्वच्छ सर्वेक्षण–2020 के प्रति जागरूकता एवं जन सहभागिता हेतु प्रेरित किया गया। नगर क्षेत्र में स्वच्छता के क्षेत्र में अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले लोगो तथा संगठनो को स्वच्छता सम्राट के प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। नगर में गन्दगी फैलाने वाले नागरिको को कूड़ा प्रेमी का प्रमाण पत्र इस आशय से दिया गया कि वो भविष्य में स्वच्छता सम्राट बनने हेतु प्रेरित हो सके और बाद में उनमे से अधिकतम लोगो ने स्वच्छता सम्राट का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। नगर को स्वच्छ बनाये रखने में सहयोग करने वाले नागरिको को सरहाना पत्र देकर उनका उत्साहबर्धन किया गया तथा जनसहभागिता हेतु प्रेरित किया गया।
- स्वच्छ सर्वेक्षण–2020 के दृष्टिगत जनजागरूकता फैलाने के उददेश्य से नगर के 274 स्थानों पर वालपेटिंग, 110 स्थानो पर होर्डिंग,एल0ई0डी0,बडे गुब्बारे के साथ घर–धर पम्लेट बटवाये गये तथा नगर निगम के कूड़ा संग्रह वाहनो से लाउडस्पीकर के माध्यम से जनजागरूकता का कार्य किया गया। इसके अतिरिक्त शैक्षणिक संस्थानो के माध्यम से वार्डस्तरीय स्वच्छता रैलियॉ एवं नगर निगम द्वारा मेगा रैली का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटको,सोशल मीडिया,प्रिन्ट/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से अधिकतम जन सहभागिता सुनिश्चित की गयी।
- मिशन–शाहजहॉपुर के तहत 4 जनवरी 2020 से 31 जनवरी 2020 तक नगर आयुक्त महोदय द्वारा विशेष अभियान चलाकर 28 नोडल अधिकारी, 66 सुपरवाईजर तथा 382 वालंटियर्स के माध्यम से अधिकतम सिटीजन फीड बैक प्राप्त करने हेतु लक्ष्य निर्धारित कर प्रत्येक नगर वासियो से अधिकतम फीड बैक प्राप्त करना सुनिश्चित किया गया। जिसकी दैनिक समीक्षा नगर आयुक्त महोदय,अपर नगर आयुक्त,सहायक नगर आयुक्त व विभागाध्यक्षों द्वारा की जाती थी। किसी दिन कम फीड बैक प्राप्त होने पर अगले दिन लक्ष्य प्राप्ति हेतु रूपरेखा तैयार की जाती थी। नगर आयुक्त महोदय द्वारा मिशन–शाहजहॉपुर प्लस के तहत उन लोगो को लक्ष्य बनाया गया जो नगर निगम क्षेत्र के बाहर अन्य जिलो/प्रदेशो में निवास कर रहे है। उनकी नागरिक सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु प्रत्येक नगर निगम कर्मी को न्यूनतम 10 ऐसे व्यक्तियो से फीड बैक दिलाने का लक्ष्य दिया गया जो शाहजहॉपुर से सम्बन्धित हों किन्तु यहॉ निवासरत न हों। इसके अतिरिक्त समस्त महिला स्वंय सेवी समूहो एवं नगर के जागरूक नगर वासियो की सहायता से शाहजहॉपुर से बाहर निवासरत व्यक्तियो से अधिकतम फीड बैक हासिल करने का प्रयास किया गया।
- शाहजहॉपुर को राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार प्राप्त होने पर यहॉ के लोगो में हर्ष माहौल है। मा0 मंत्री जी द्वारा सिटीजन फीड बैक में जनपद को प्रथम आने पर जिलाधिकारी/प्रशासक श्री इन्द्र विकम सिंह,नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा, अपर नगर आयुक्त श्री एस0के सिंह, उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे एवं नगर निगम के सभी कर्मचारी एवं अधिकारियों तथा स्वच्छता संयोजक श्रीमती अल्पना श्रीवास्तव एवं नगर वासियो को सहयोग के लिये आभार व्यक्त करते हुये बधाई भी दी। जिलाधिकारी/प्रशासक महोदय एवं नगर आयुक्त महोदय द्वारा निरतंर मार्गदर्शन देने, उत्साहबर्धन करने के लिये मा0 मंत्री जी एवं स्वच्छाग्रही का आभार व्यक्त किया गया तथा स्वच्छता समिति के सदस्यो तथा स्वच्छता संयोजक श्रीमती अल्पना श्रीवास्तव एवं श्री अग्निशेखर शुक्ला जी तथा शाहजहॉपुर नगर के निवासियो को इस उपलब्धि के लिये बधाई दी गयी एवं उनके सहयोग के लिये धन्यवाद दिया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा इस राष्ट्रीय पुरस्कार को शहीदो की नगरी शाहजहॉपुर के समस्त नगरवासियो को समर्पित किया एवं सभी नागरिको को कल के कार्यकम में सहभागी होने की अपील की गयी।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर
19/8/2020

Generated by CamScanner